हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 9 मई, 2024

तापमान
अधिकतम 41.6 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

11 अपर्णा का ब्रिक्स गेमस के लिए चयन


12 हवन हमारी प्राचीन संस्कृति का प्रतीक : विकास


**खबर संक्षेप**

### भंडेरी में प्रथम भारत केसरी दंगल कल

**गोहाना।** गोहाना-महम मार्ग पर स्थित भंडेरी गांव में शुक्रवार को प्रथम भारत केसरी दंगल आयोजित किया जाएगा। इस दंगल में देहदान के 101 संकल्प पत्र भी भरवाए जाएंगे। प्रथम भारत केसरी दंगल के लिए सानिध्य श्री श्री 1008 महंत बाबा भले गिरि और श्री श्री 1008 बाबा कालीदास का रहेगा। संयोजक मंडल में धनाना गांव के युद्धवीर जाटायन, कथूरा गांव के धीरज नरवाल, भंडेरी गांव के संदीप कुमार और आहुलाना गांव के डॉ. आशीष मलिक हैं। युद्धवीर जाटायन ने कहा कि देह का दान जीवन का निर्माण करता है। एक का दान, आठ को जान देता है। प्रथम भारत केसरी दंगल के विजेता को एक लाख रुपये, मुर्रा नस्ल की एक भैंस और देसी घी का एक पीपा दिया जाएगा। उप विजेता को चांदी की गदा, 51 हजार रुपए कैश और एक पीपा देसी घी का दिया जाएगा। तृतीय स्थान पर रहने वाले पहलवान को 51 हजार रुपए कैश के साथ एक पीपा घी का दिया जाएगा। साथ में रक्तदान शिविर भी लगेगा।

### विद्यालय के सीसीटीवी की डीवीआर चोरी




**गोहाना।** जींद रोड स्थित शहर थाना गोहाना के ठीक सामने आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चोरों ने सेंध लगा दी। चोर यहां से सामान और सीसीटीवी की डीवीआर चोरी कर ले गए। प्राचार्य कुलदीप की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। प्राचार्य ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को विद्यालय के कमरे का दरवाजा तोड़कर बैट्री, इनवर्टर, छत के पंखे और लोहे का सामान चोरी कर लिया गया। सीसीटीवी की डीवीआर भी चुरा ली गई। पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**गोहाना।** गांव भैंसवाल कलां एक ग्रामीण ने पड़ोसियों पर घर में घुसकर उससे मारपीट करने का आरोप लगाया। उसे नागरिक अस्पताल गोहाना से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। साहिल ने पुलिस को बताया कि दो महीने पहले उसका छोटा भाई और एक लड़की कहीं चले गए थे। इसके बाद से लड़की के परिवार के सदस्य उनके साथ झगड़ा करते हैं। दो दिन पहले कई लोग उसके घर में घुसे और उससे मारपीट की। उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई की जाएगी।

# जाहरी में स्प्रिट टैंक ब्लास्ट मामले में फैक्ट्री संचालक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- दमकल विभाग ने मंगलवार देर रात दो बजे आग पर काबू पाया
- मृतक के भाई की शिकायत पर केस दर्ज हुआ

सदर थाना क्षेत्र के गांव जाहरी स्थित स्प्रिट टैंक में ब्लास्ट मामले में दमकल विभाग की 18 गाड़ियों ने देर रात दो बजे आग पर काबू पाया। सुबह तक दमकल विभाग व प्रशासनिक टीमें फैक्टरी में मौजूद रही। वहीं टैंक में ब्लास्ट के बाद खेत में जाकर गिरे कर्मचारी के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर फैक्टरी संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



बता दें कि मंगलवार को गांव जाहरी स्थित शराब फैक्टरी में कर्मी काम कर रहे थे। दोपहर करीब पौने 12 बजे अचानक स्पिरिट टैंक में ब्लास्ट हो गया। जिससे टैंक पर चढ़कर जांच कर रहे कर्मी गांव सांदल निवासी संदीप करीब 120 फीट उछलकर करीब 200 मीटर दूर खेत में जाकर गिरा। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस टैंक में ब्लास्ट हुआ उसमें करीब 20 हजार लीटर स्पिरिट बताया जा रहा है। उसके बाद फैक्टरी में आग लग गई। आग लगी देख कर्मी बाहर भागे।

जिसके बाद मामले की सूचना अग्निशमन विभाग की टीम को दी गई। आग की सूचना के बाद सोनीपत समेत सात जिलों से अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर बुलाई गई। टीम आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही थी शाम करीब चार बजे दूसरे टैंक में ब्लास्ट हो गया। उसमें पहले की लीकेज हो गया था। जिससे फायरकर्मी गांव गढ़ी ब्राह्मणान निवासी अमरजीत सिंह घायल हो गए। उनका पैर दो जगह से टूट गया। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका है। देर शाम को दूसरे टैंक में आग लग गई। जिसमें करीब ढाई हजार लीटर स्पिरिट था। देर रात करीब 2 बजे तक दमकल विभाग के कर्मचारी आग बुझाने का प्रयास करते रहे। दमकल विभाग की 18 गाड़ियों ने चक्कर लगाकर आग पर काबू पाया। वहीं हादसे में सादंल कलां निवासी संदीप फैक्टरी में हुए हादसे का शिकार हो गया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर फैक्टरी कर्मचारियों व संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### सात जिलों से मंगवाने पड़े फायर टेंडर

अग्निशमन विभाग के सहायक मंडल अधिकारी राजेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि आग पर देर रात तक 2 बजे तक आग पर काबू पाया गया। इसके लिए सोनीपत के साथ ही पानीपत, रोहतक, भिवानी, चरखीदादरी, करनाल, झज्जर से भी अग्निशमन विभाग की 18 गाड़ियों व टीम मौके पर बुलाया गया। जिन्होंने रात को टैंकरों में लगी आग पर काबू पाया।

### शव परिजनों को सौंपा

फैक्टरी में लगी आग में हादसे का शिकार हुए संदीप के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मृतक के परिजनों के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। -सेठी मलिक, प्रभारी सदर थाना

# शरारती तत्वों ने काटी ड्रेन नंबर 6 की पटरी, सैकड़ों घरों में घुसा दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- सैकड़ों एकड़ भूमि जलमग्न, रास्तों पर भर गया गंदा पानी
- निगम आयुक्त ने गलियों का निरीक्षण कर दिए पंपसेट लगाने के निर्देश

शहर के बीच से गुजर रही ड्रेन नंबर 6 की पटरी को कुछ शरारती तत्वों ने काट दिया। मंगलवार देर रात की गई इस वारदात के बाद से ऋषि कॉलोनी एक्सटेंशन की गलियों, गौशाला समेत सैंकड़ों घरों और सैंकड़ों एकड़ जमीन में गंदा पानी घुस गया। बुधवार सुबह जब लोग उठे तो उन्होंने गलियों में दूषित पानी भरा हुआ देखा। दूषित पानी भरा होने के कारण अधिकतर घरों में आने-जाने का रास्ता बंद हो गया। इस पर लोगों ने निगम पार्षद व अधिकारियों को फोन किया। सूचना मिलने के बाद निगम आयुक्त ने ड्रेन को बंद करवाया तथा पानी निकासी के लिये दो पंप भी लगाए।

वहीं ड्रेन का पानी घुसने के बाद भाजपा नेता राजीव जैन, योगेशपाल अरोड़ा व निगम पार्षद हरिप्रकाश सैनी ऋषि कॉलोनी एक्सटेंशन में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कॉलोनी वासियों के साथ हर गली में जाकर हालात देखे और कट बंद करवाने का काम शुरू करवाया। उन्होंने आश्वस्त किया कि ड्रेन का कट बंद होने के बाद घरों के बाहर इकट्ठा पानी की निकासी का भी इंतजाम किया जाएगा। लोगो ने बताया कि ड्रेन नंबर छह को पक्का करने के कार्य में हो रही देरी के चलते क्षेत्रवासियों का जीवन नर्क बना हुआ है और कभी भी ड्रेन ओवरफ्लो होकर पानी कॉलोनी में घुस जाता है। दूषित पानी कई दिन तक खड़ा रहने के कारण बीमारियां फैलने की आशंका रहती है। उन्होंने निर्माण कार्य जल्द पूरा करके समस्या का स्थायी समाधान की मांग की। इस पर निगमायुक्त विश्राम मीणा ने गलियां का निरीक्षण करके दो पंपसेट लगवाकर जल्द पानी निकासी के निर्देश दिए। उन्होंने पानी की निकासी का इंतजाम होने तक अधिकारियों को मौके पर ही रहने के लिए कहा।



**सोनीपत।** ऋषि कॉलोनी एक्सटेंशन की गलियों में भरा गंदा पानी।

**2016 से चल रहा ड्रेन पक्का करने का काम:** बता दें कि ड्रेन को पक्का करने का काम सालों से चल रहा है। अमृत योजना के तहत वर्ष 2016 में ड्रेन नंबर 6 को मैच बॉक्स आकार में कवर करने की रूपरेखा तैयार की थी। यह कार्य दो साल में पूरा किया जाना था, लेकिन इसमें लगातार देरी होती गई। योजना के तहत 4.9 किलोमीटर लंबी ड्रेन पक्की करने के लिए नगर निगम ने एमएस गर्ग एजेंसी को 88 करोड़ की लागत से सितंबर 2017 को कार्य आवंटित कर दिया था। एजेंसी बाद में अपनी शर्तों पर खरा नहीं उतर सकी। इसके चलते निगम ने 8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाकर एजेंसी से काम छीन लिया था। इसके बाद निगम की ओर से दूसरी एजेंसी को नया टेंडर करीब 15 फीसदी अधिक राशि में आवंटित किया था।

**अवैध कब्जे बने सिरदर्द :** ड्रेन नंबर 6 को पक्का करने की योजना बनाई गई थी। इसे दो हिस्सों में पक्का किया जा रहा है। देवडू रोड से शादीपुर तक ड्रेन के पार्ट-1 को पक्का करने के लिए 92 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। अवैध कब्जों की वजह से ड्रेन के 1200 मीटर हिस्से में निर्माण अटका हुआ था। जिसके बाद नवंबर, 2023 में निर्माण कार्य फिर से शुरू हुआ था। शादीपुर से राठधना तक ड्रेन के पार्ट-2 के 2600 मीटर हिस्से का निर्माण 47.29 करोड़ रुपये में किया जा रहा है।



### मुगल कैनाल की तर्ज पर होना है काम

करनाल के मुगल कैनाल की तर्ज पर ड्रेन नंबर छह को पक्का किया जा रहा है। ड्रेन के दोनों हिस्सों का निर्माण पूरा होने पर सेक्टर-12, 13 14, बाबा कॉलोनी, बैंयापुर खुर्द, पटेल नगर, शनि मंदिर, जटवाड़ा, कामी चौक, सब्जी मंडी, बाबा धाम, आदर्श नगर, ऋषि कॉलोनी, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ब्रह्म नगर होते हुए ड्रेन-6 तक के क्षेत्र में रह रहे लोगों को फायदा होगा। इससे शहरवासियों को वर्षों बाद गंदगी से निजात मिल सकेगी।

### पहले भी खेत हो चुके हैं बर्बाद

गंदे पानी की वजह से पहले भी सैंकड़ों एकड़ खेत बर्बाद हो चुके हैं। फिलहाल तो ड्रेरन की पटरी शरारती तत्वों ने तोड़ी है, इससे पहले दो-तीन बार ड्रेरन ओवरफ्लो हो चुकी है। जिसकी वजह से जटवाड़ा के खेतों में गंदा पानी इकट्ठा हो गया था। सैंकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो गई थी। यहां से भी पंपों के जरिये पानी की निकासी की जा चुकी है।

## बीएसएफ जवान को सिसाना में सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई



**खरखौदा।** दिवंगत जवान को श्रद्धांजलि देते हुए विधायक जयवीर सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

सिसाना गांव में बुधवार को बीएसएफ के जवान का अंतिम संस्कार किया गया। सिसाना का रहने वाला संजय बीएसएफ में सेवारत था और इन दिनों पश्चिम बंगाल के शिवपुर पूरी क्षेत्र में कार्यरत था। तेज तूफान के दौरान एक पेड़ गिरने से संजय उसे पेड़ की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बुधवार को शव उनके पैतृक गांव सिसाना में लाया गया। जहां पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस बीच बीएसएफ की टुकड़ी ने सलामी दी। विधायक जयवीर वाल्मीकि ने भी अंतिम संस्कार में पहुंचकर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### रंजिश के चलते ग्रामीण पर हमला

**गोहाना।** गांव गामड़ी में पुरानी रंजिश के चलते ग्रामीण से पड़ोसियों ने मारपीट की और उस पर कस्सी से हमला किया। ग्रामीण को बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल ले जाया गया। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। ग्रामीण अनिल ने पुलिस को बताया कि प्रवीण के परिवार से उनकी रंजिश चली हुई है। वह मजदूरी करके अपने घर जा रहा था। रास्ते में प्रवीण ने उसे गाली देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने अपने स्वजन को बुलाया और उससे मारपीट शुरू कर दी। कस्सी से भी हमला किया गया। शोर सुनकर उसके स्वजन भी मौके पर पहुंचे। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

## भाई को छत से फेंकने का आरोपित काबू

**गोहाना।** बरोदा थाना की पुलिस ने गांव माहरा में चचेरे भाई को छत से फेंककर मारने की घटना में आरोपित अशोक उर्फ शौकी को गिरफ्तार कर लिया। बच्चों को लेकर टिप्पणी करने पर दोनों में बहस हुई थी। उस समय दोनों ने शराब पी रखी थी। आरोपित को पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

गांव माहरा के जय कंवार ने पुलिस को बताया था कि उसका बड़ा भाई राज कुमार उर्फ राजा रविवार देर रात को उसके चाचा ओमप्रकाश के घर पर चला गया। वहां पर चचेरे भाई अशोक उर्फ शौकी और श्याम भी आ गए थे। तीनों ओमप्रकाश के मकान की छत पर बैठे थे। अशोक ने श्याम के बच्चों को लेकर कुछ टिप्पणी कर दी थी। इसके बाद राज कुमार व अशोक में बहस हो गई थी। दोनों ने शराब पी रखी थी। रात लगभग बजे अशोक ने राज कुमार को उठाकर छत से फेंक दिया था। स्वजन उसे अस्पताल लेकर गए थे तो चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया था।

## दो साल से फरार 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले की एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल 25 हजार रुपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कृष्ण निवासी कांसड़ी का है। आरोपित वारदात के बाद से दो साल से फरार चल रहा था। पुसिल मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



खानपुर कलां निवासी सुधीर ने गत 2 जून 2022 को सदर गोहाना में शिकायत दी। रात करीब 10 बजे अपने मकान की छत पर अमित, सुधीर, व प्रमोद के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था।

### ये था मामला

उसी दौरान उसके घर के कमरे में शीशा टूटने की आवाज आई। वह प्लॉट केपास पहुंचे। एक व्यक्ति ने उनकी तरफ गोली चला दी। उसे शक है कि कृष्ण निवासी कांसड़ी ने रंजिश के चलते किसी व्यक्ति को कहकर गोली चलावा दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में आरोपित पर विभाग की तरफ से 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। मामले में एसएजी यूनिट निरीक्षक अजय की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

**नई गाइडलाइन जारी होने के चलते नहीं चल पाया पोर्टल, अगले बुधवार को बैठेगा बोर्ड**

# दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अस्पताल पहुंचे आवेदक वापस लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले के नागरिक अस्पताल में बुधवार को दिव्यांग पहचान पत्र बनवाने के लिए पहुंचे आवेदकों को खाली हाथ घर पर लौटना पड़ा। हाल में विभाग की तरफ से आई नई गाइड लाइन के चलते पोर्टल नहीं खुला। जिसके चलते प्रमाण-पत्र नहीं बने। वहीं नई गाइड लाइन प्रमाण-पत्र बनवाने वालों के लिए राहत लेकर आई है। दिव्यांगों को यूडीआईडी बनवाने के लिए पोर्टल पर खुद पंजीकरण करने का ऑप्शन जारी किया गया है। नई गाइडलाइन के चलते हर बुधवार को पहले की तरह चिकित्सा बोर्ड बैठेगा। गठित किए गए बोर्ड में चिकित्सकों की संख्या पहले से ज्यादा होगी। बाल रोग विशेषज्ञ को पहली बार बोर्ड में शामिल किया है।

बता दें कि दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए सरकार की तरफ से गत मार्च माह में नई गाइडलाइन जारी की थी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से गाइडलाइन को बुधवार से लागू कर दिया है। गाइडलाइन के



तहत जिला नागरिक अस्पताल के चिकित्सक दल को दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 23 से 25 अप्रैल तक दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनाने के लिए प्रशिक्षण दिलाया जा चुका है। नई गाइडलाइन के तहत यूडीआईडी पोर्टल को अपडेट किया जा रहा है। जिसके चलते बुधवार को यूडीआईडी पोर्टल नहीं चल सका। पोर्टल की वजह से पंजीकरण न होने से दिव्यांगों को परेशानी हुई। जिलेभर से काफी संख्या में अस्पताल तें पहुंचे दिव्यांग लोगों पोर्टल न चलने के कारण वापस लौटना पड़ा। वहीं दिव्यांगता जांच कराने के लिए हड्डी रोग विशेषज्ञ कक्ष के बाहर दिव्यांगों की लाइन लगी रही, लेकिन चिकित्सक नई गाइडलाइन व पुरानी गाइडलाइन के मानकों के जरिए दिव्यांगता जांच करने में उलझे रहे। जिसकी वजह से किसी भी दिव्यांग व्यक्ति की जांच नहीं हो सकी। मामला सिविल सर्जन कार्यालय में पहुंचा तो दोपहर बाद नई गाइडलाइन के जरिए दिव्यांगता जांच करने के आदेश जारी किए। तब तक दिव्यांग इंतजार के बाद वापस जा चुके थे।

### नई गाइडलाइन के तहत ये चिकित्सक रहेंगे शामिल

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार नई गाइडलाइन के तहत चिकित्सक बोर्ड में दो हड्डी विशेषज्ञ, दो नेत्र विशेषज्ञ शामिल होंगे। बोर्ड में बाल रोग विशेषज्ञ को पहली बार शामिल किया गया है। इसके अलावा ईएनटी विशेषज्ञ व ऑडियोलॉजिस्ट भी रहेंगे। दिव्यांगता असेसमेंट में भी फीसदी अंक बढ़ाए गए है।

गाइडलाइन के तहत बोर्ड में जरूरत पड़ने पर निजी चिकित्सक को भी शामिल किया जा सकता है।

### किसी को परेशानी नहीं होने दी जाएगी

बुधवार को प्रमाण-पत्र बनवाने का दिन था, लेकिन नई गाइड लाइन जारी होने के चलते पोर्टल पर काम नहीं हो सका। जिला नागरिक अस्पताल में नई गाइडलाइन के तहत यूडीआईडी कार्ड बनाए जाएंगे। इसको लेकर गठित मेडिकल बोर्ड को आदेश लागू कर दिए गए है। अगले बुधवार से गठित मेडिकल बोर्ड दिव्यांगों की दिव्यांगता जांच के बाद प्रमाणपत्र जारी करेगा। किसी को परेशानी नहीं होनेदी जायेगी।
**डा. सीताराम**, उप सिविल सर्जन, सोनीपत

# किसान आंदोलन के चलते 9 ट्रेन रद, 10 का मार्ग बदला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

किसान आंदोलन के चलते लगातार 22वें दिन भी सोनीपत में रेलवे यातायात प्रभावित रहा। जिले से होकर गुजरने वाली 9 ट्रेने रद्द रहीं, जबकि 10 ट्रेनों का परिचालन रद्द करना पड़ा। जो ट्रेनें चल रही हैं, वह भी अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से चल रही हैं। रेल यातायात के प्रभावित होने के चलते यात्रियों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

**यात्री रहे परेशान :** सोनीपत जंक्शन से प्रतिदिन करीब 40 हजार से अधिक यात्री आवागमन करते हैं। लंबी दूरी की ट्रेनों का परिचालक बाधित होने के कारण यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह के समय दौड़ने वाली सवारी गाड़ियों में यात्रियों की संख्या कई गुणा अधिक बढ़ गई है। भीड़ इतनी अधिक रहती है कि कई बार खड़े होने तक की जगह नहीं मिल पाती। काम पर जाने की जल्दी में दैनिक यात्रियों को ट्रेनों के गेट पर खड़े होकर सफर करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जिससे हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है।

### ये गाड़ियां की गई रद


अप लाइन पर गाड़ी संख्या 14507 फाजिल्का एक्सप्रेस, 12459 नई दिल्ली-अमृतसर इंटरसिटी एक्सप्रेस, 12497 शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस, 14033 जम्मू मेल के अलावा डाउन लाइन पर 14034 जम्मू मेल, 14508 बठिंडा फाजिल्का एक्सप्रेस, 12460 अमृतसर-नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस, 22430 दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस व 12498 शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द रहीं। वहीं जबकि गाड़ी संख्या 14053/54 हिमाचल एक्सप्रेस, 11077/78 झेलम एक्सप्रेस, 15707/08 आम्रपाली एक्सप्रेस, 11057/58 दादर एक्सप्रेस, 12919/20 मालवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस का परिचालन दूसरे मार्ग से किया गया। जिससे यात्री परेशान रहे।

### अंबाला में ट्रैक जाम

अंबाला में रेलवे ट्रैक जाम होने के कारण लंबी दूरी की ट्रेनों का परिचालन बाधित है। कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों का मार्ग बदला गया है। यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके, इसके लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं।
**दीपक कुमार**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे


डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## एलर्जी की वजह से हो सकती है गले में खराश



**मेरी उम्र 44 वर्ष है। कुछ दिनों से गले में अकसर खराश बनी रहती है और कभी-कभी गले में दर्द भी रहता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-भूपेन, रोहतक**

यह समस्या मौजूदा समय में काफी लोगों को हो रही है, इसका सबसे बड़ा कारण एलर्जी होना है। घर से बाहर निकलने पर धूल और धुएं से लोगों को एलर्जी होती है और गले में खराश भी हो जाती है। इससे बचने के लिए आप घर से बाहर निकलें तो मास्क लगाकर निकलें। इसके अलावा सुबह और शाम गर्म पानी से गरारा जरूर करें, इससे राहत मिलेगी। ज्यादा समस्या हो तो एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। कुछ महीने पहले मुझे चिकनपॉक्स हुआ था। ठीक होने के बाद भी मेरे चेहरे और बॉडी पर इसके निशान रह गए हैं। कृपया बताएं कि ये निशान कैसे ठीक होंगे?**

**-आनंद, दिल्ली**

सामान्य तौर पर चिकनपॉक्स के निशान धीरे-धीरे जाते हैं, साथ ही यह डिपेंड करता है कि निशान किस तरह के हैं। बगैर देखे कुछ नहीं कहा जा सकता है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वह आपको कुछ मेडिसिनल क्रीम्स या लोशन बता देंगे, जिसे लगाने से दाग जल्दी ठीक हो सकते हैं।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से बिना किसी कारण के ही मेरा मन हमेशा उदास रहता है। अकसर चिड़चिड़ापन और गुस्सा हावी रहता है। क्या ये डिप्रेशन के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुरेंद्र, कोरबा**

सबसे पहले आप यह जानने की कोशिश करें कि हाल-फिलहाल में ऐसा क्या हुआ है, जिसके बाद आपके व्यवहार में यह बदलाव आया है? जो समस्या आई हो, उसका समाधान निकालना जरूरी है, इसके बाद ही आपको राहत मिलेगी। अगर आपको ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी आंखों में अकसर जलन होती रहती है। हालांकि विजन की कोई प्रॉब्लम नहीं है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-हर्ष, रायपुर**

कई बार अधिक वायु प्रदूषण होने से इस तरह की समस्या देखी जाती है। आप यह देखें कि जहां रह रहे हैं, क्या वहां पर अधिक वायु प्रदूषण हो रहा है? अगर ऐसा हो रहा है तो आप घर से बाहर निकलें तो गॉगल्स या जीरो पावर का चश्मा पहनकर ही निकलें। इसके अलावा एक बार आप नेत्र रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वे जांच कर यह भी पता लगाएंगे कि आंखों में संक्रमण तो नहीं है, जिसकी वजह से जलन हो रही हो।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। कुछ देर खड़े रहने से ही मेरे पैरों में झनझनाहट होने लगती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-राजकिशोर, भोपाल**

चूंकि आपकी उम्र अधिक है, इसलिए आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से मिलना चाहिए। वो एक्स-रे कराएंगे और जरूरत पड़ने पर सिटी स्कैन भी कराएंगे। इससे झनझनाहट होने की वजह पता चलेगी और उसका उपचार हो सकेगा। हालांकि कई बार न्यूरो संबंधी समस्या की वजह से भी इस तरह की समस्या आती है, लेकिन यह डॉक्टर ही तय करेंगे, उसके अनुसार ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 55 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरी कमर में दर्द बना रहता है। कहीं चोट भी नहीं लगी है। चलते समय या लेटते समय आराम रहता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हेमराज, जबलपुर**

सबसे पहले आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें। आजकल ज्यादातर लोगों को इसी वजह से कमर में दर्द होता है। अगर रिपोर्ट में कोई कमी आती है, तो डॉक्टर से संपर्क कर इसके लिए दवा लें और नियमित रूप से खाएं। *

**प्रस्तुति:रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

हाल में कोविशील्ड कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स को लेकर कुछ फैक्ट्स सामने आए हैं। इसको लेकर देश-विदेश में लोग चिंतित हो रहे हैं। कई तरह के दुष्प्रचार भी फैलाए जा रहे हैं। वास्तव में इनकी सच्चाई क्या है, इसके क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं और इन साइड इफेक्ट्स को दूर करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं? ऐसे तमाम सवालों के जवाब आप जरूर जानना चाहेंगे।

## कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स घबराएं नहीं-हेल्थ का रखें ध्यान

अवेयरनेस
डॉ. नवनीत सूद
सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी
धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली

सबसे पहले तो इस बात को समझना जरूरी है कि टीकाकरण के दुष्प्रभाव बेहद दुर्लभ होते हैं, जबकि इन दुर्लभ दुष्प्रभावों की तुलना में टीकाकरण के लाभ कहीं अधिक हैं। अभी हाल ही में कोविड वैक्सीन, कोविशील्ड को बनाने वाली एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में स्वीकारा है कि उनकी वैक्सीन में टीटीएस (थ्रोंबोसाइटोपेनिया सिंड्रोम विद थ्रोंबोसिस) नामक साइड इफेक्ट होने की संभावना हो सकती है लेकिन यह बेहद कम है। ये न्यूनतम साइड इफेक्ट कई अन्य टीकों के साथ भी जुड़ा रहा है इसलिए आम जनता को इसको लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए और ना ही इस बारे में फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं पर भरोसा करना चाहिए।

### सालों बाद नहीं होते साइड इफेक्ट्स

किसी भी वैक्सीन से संबंधित साइड इफेक्ट्स सामान्य रूप से वैक्सीन की पहली खुराक लगने के बाद कुछ हफ्तों (1-6 सप्ताह) के अंदर ही होते हैं। ऐसे में जिन लोगों को वैक्सीन लगवाने के बाद एक महीने तक साइड इफेक्ट्स नहीं हुए हैं, उन्हें चिंता करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह सोचकर परेशान ना हों कि दो साल पहले लगाई गई वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अब सामने आ सकते हैं।

### साइड इफेक्ट्स में शामिल लक्षण

किसी भी वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स में ज्यादातर आपको स्किन पर रेडनेस, सूजन, त्वचा की कोमलता, बदन दर्द, सिरदर्द, ठंड लगना, बुखार, चिड़चिड़ापन, थकान महसूस होना, भूख ना लगना, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द और दस्त आने जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।


### सीरियस साइड इफेक्ट्स का रिस्क

सीरियस साइड इफेक्ट्स उन लोगों में दिख सकते हैं, जिनकी इम्यूनिटी वीक होती है। हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता यानी इम्यूनिटी दो तरह से विकसित होती है। एक टीके यानी वैक्सीन से और दूसरी संक्रमित होने पर कुदरती तौर से। कुदरती तरीके से इम्यूनिटी प्राप्त करने में दुष्प्रभाव की गुंजाइश नहीं होती। इसके बजाय वैक्सीन के जरिए इम्यूनिटी बूस्ट करने पर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। लेकिन ऐसे साइड इफेक्ट्स 6 महीने में सामने आ जाते हैं। अब तो वैक्सीनेशन के बाद 2 साल से भी अधिक का समय बीत चुका है, ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है।

### तब डॉक्टर से करें कंसल्ट

टीकाकरण के बाद वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अधिकतर हल्के और मध्यम होते हैं और कुछ दिनों बाद ठीक हो जाते हैं। लेकिन कुछ लोगों में ये लक्षण गंभीर भी हो सकते हैं। ऐसे में सूजन, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और बुखार के अलावा अगर आपको सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और घबराहट जैसे लक्षण महसूस हो रहे हैं तो






आपको एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लेना चाहिए।

### साइड इफेक्ट्स की डायग्नोसिस

कोविड वैक्सीन के कारण हमारे शरीर में एस1, एस 2 प्रोटीन और म्युटेंट एस प्रोटीन की मात्रा बढ़ जाती है और इस कारण ब्लड क्लॉटिंग के लिए जिम्मेदार सीसीआर-5 फैक्टर एक्टिवेट होने की संभावना बनी रहती है। इससे रक्त नलिकाओं पर प्लेटलेट्स चिपकने लगती हैं। इसी के चलते आगे रक्त के प्रवाह में रुकावट की संभावना हो सकती है। हालांकि इसका पर्सेंटेज बहुत ही कम होता है। लेकिन अपने मन की शंका को दूर करने के लिए आप अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ब्लड में एस।, एस2 प्रोटीन के स्तर की जांच करा सकते हैं। इसके अलावा आप सीसीआर-5 लेवल, साइटोकाइन प्रोफाइल और इंफ्लेमेटरी मार्कर की भी जांच करा सकते हैं। यदि टेस्ट रिपोर्ट में इनका स्तर बढ़ा हुआ आता है तो इन्हे मेडिकल सुपरविजन में दवाओं से कम भी किया जा सकता है, जिससे भविष्य में हार्ट अटैक, बेन स्ट्रोक, पल्मोनरी इंबोलिस्म, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर की समस्या से बचा जा सकता है।



### इन बातों का रखें ध्यान

**कोविड वैक्सीन** के साइड इफेक्ट्स को लेकर किसी भी व्यक्ति को घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह एक बहुत ही रेयर साइड इफेक्ट है, जो वैक्सीन लगवाने के सिर्फ एक महीने के अंदर ही हो सकता है, उसके बाद नहीं। इसलिए किसी भी तरह की भ्रामक बातों, सोशल मीडिया के अनऑथेंटिक सूचनाओं के बारे में पढ़, सुन या देखकर चिंतित ना हों। पोषक तत्वों से भरपूर सादा भोजन करें, प्रतिदिन फिजिकल एक्टिविटी जरूर करें। अगर किसी अन्य बीमारी की दवाइयां चल रही हैं तो उन्हें बिना डॉक्टर की सलाह के रोकें नहीं। अपने शरीर में होने वाले बदलावों पर ध्यान देते रहें और डॉक्टर से संपर्क में रहें।

### लाइफस्टाइल-डाइट प्लान में करें बदलाव

वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स होने की आशंका को खत्म के लिए आप वसायुक्त खाद्य पदार्थों का, नमक का और मिर्च-मसालों का सेवन कम करें। अपने बॉडी वेट को नियंत्रण में रखें। पानी अधिक मात्रा में पिएं। अन्य किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो उसकी जांच कराते रहें। फास्ट फूड के सेवन से बचें। पोषक तत्वों से भरपूर हरी सब्जियों और प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। सिगरेट और शराब का सेवन ना करें। इसके साथ ही डेली व्यायाम और योगाभ्यास को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाएं। इससे आपकी इम्यूनिटी बढ़ेगी और हेल्थ भी अच्छी रहेगी। * **प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

हेल्थ न्यूज

## विटामिन डी की कमी से बच्चों में एलर्जी का रिस्क



विटामिन डी को शरीर के लिए बहुत ही जरूरी पोषक तत्व माना जाता है। इसकी कमी से हड्डियों के कमजोर होने का खतरा होता है, यह तो काफी लोग जानते हैं। लेकिन हाल ही में हुए एक रिसर्च में विटामिन डी की कमी और बच्चों में एक्जिमा स्किन कंडीशन होने की संभावनाओं के बीच संबंध देखा गया है। 'वर्ल्ड एलर्जी जर्नल ऑर्गनाइजेशन' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार विटामिन डी का सीधा संबंध एलर्जेन सेंसिटाइजेशन से होता है। यानी, विटामिन डी की कमी से एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों के बढ़ने का खतरा अधिक होता है। शोधकर्ताओं ने अपनी स्टडी में पाया कि बचपन में विटामिन डी की कमी से बच्चों में एटॉपिक डर्मेटाइटिस की समस्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में जरूरी है कि पैरेंट्स अपने बच्चों को विटामिन डी से भरपूर फूड्स का सेवन नियमित रूप से कराएं।


रिसर्चर्स के अनुसार फैटी फिश सामन, मैकरल और टूना जैसी मछलियां, विटामिन डी का बेहतरीन स्रोत हैं। इन मछलियों को हफ्ते में दो बार बच्चों को खिलाने से उनकी विटामिन डी की जरूरत पूरी हो सकती है। इसके अलावा अंडे, दूध, खमीर और मशरूम विटामिन डी के अच्छे सोर्स होते हैं, जिनको खाने से विटामिन डी की कमी को पूरा किया जा सकता है।

विटामिन डी पाने का सबसे अच्छा प्राकृतिक तरीका है सुबह की धूप। बच्चों को सुबह आठ-नौ बजे से पहले की धूप में 15 से 20 मिनट खेलने दें। इससे उनकी त्वचा प्राकृतिक रूप से विटामिन डी का निर्माण करेगी और बच्चों में विटामिन डी की कमी पूरी होगी। *

**प्रस्तुतिः अजेश कुमार**

औषधीय पौधे / दीपिका शर्मा

## फल ही नहीं पत्ते भी होते हैं गुणकारी



बीमारियों से बचने के लिए अच्छे खान-पान की जरूरत होती है। अच्छे खान-पान में सबसे पहले जिक्र आता है फलों का। जिनके रोजाना सेवन से हमारा स्वास्थ्य बिल्कुल दुरुस्त रहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सेहत के मामले में ना सिर्फ फल बल्कि कुछ फलदार पेड़ों के पत्ते भी बेहद लाभकारी होते हैं? इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

**अमरूदः** अमरूद के पत्ते भी हमें सेहतमंद बना सकते हैं। इनमें फाइबर, विटामिन ए, सी, फोलिक एसिड, पोटेशियम, तांबा और मैंगनीज भरपूर होते हैं। इसमें कैरोटेनॉयड्स और पॉलीफेनोल्स दोनों मौजूद होते हैं, जो उन्हें एंटी-एजिंग और एंटी-कैंसर गुणों से भरपूर बनाते हैं। अमरूद के पत्तों में फेनोलिक यौगिक होने से शुगर लेवल को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके पत्तों में बायोएक्टिव कंपाउंड होता हैं, जो कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को रोकता है। साथ ही कोलेस्ट्रॉल कम करने में सहायता भी रहता है। प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में भी अमरूद के पत्तों को कारगर माना गया है।

**पपीताः** यदि आप पेट की समस्या से परेशान रहते हैं तो पपीते के पत्ते आपके लिए रामबाण इलाज हैं। इसके पत्तों में कई प्रकार के एंजाइम्स होते हैं, जैसे पेपीन, कायोमोपेन आदि। अगर आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है तो उसके पत्ते का रस आपके लिए बहुत लाभकारी होगा। गैस और अपच की समस्या से भी छुटकारा मिलता है। डेंगू और मलेरिया में इसके पत्तों का रस बहुत लाभकारी होता है। पपीते के बीज भी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमे काफी मात्रा में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड जैसे ओलिक एसिड, पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनॉइड्स होते हैं, जो शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं।


**अंगूरः** अंगूर की पत्तियों में फाइबर की मात्रा काफी होती है। इससे पाचन धीमा होता हैं। पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है। इसके पत्तों में अंगूर से भी अधिक एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। साथ ही इसमे मौजूद विटामिन ए की मात्रा भी आपको स्वस्थ रखती है। इसके पत्तों में कैल्शियम और आयरन भी होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और खून भी बढ़ाते हैं। *

**(आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. पवन कौशिक से बातचीत पर आधारित)**

आयुर्वेद
संध्या रानी

गर्मी दिनों-दिन बढ़ रही है। इस वजह से कई लोग घमौरियों से परेशान होते हैं। उससे बचाव और उपचार के लिए आप कुछ सरल घरेलू उपायों को आजमा सकते हैं। इनसे आपको ठंड का भी एहसास होगा।

## घमौरियों से बचने के सरल घरेलू उपचार



गर्मी और उमस की वजह से घमौरी होना एक आम समस्या है। इसमें त्वचा पर अनेक छोटे-छोटे लाल दाने निकल आते हैं। इसमें खुजली और बहुत जलन होती है। यह अधिकतर पीठ, छाती, गला, कमर और बगल के आस-पास होती है। इसे मेडिकल भाषा में मिलियारिया कहते हैं। इसे प्रिक्ली हीट भी कहा जाता है।

**घमौरी के कारणः** प्राकृतिक चिकित्सा के अनुसार घमौरी होने का मुख्य कारण पसीने की ग्रंथियों में रुकावट होना है। शरीर में विजातीय तत्व रोम छिद्र को बंद कर देते हैं, जिसके कारण शरीर से पसीना बाहर नहीं निकल पाता है। यही वजह है कि गर्मी और उमस भरा मौसम आने पर छोटी-छोटी घमौरियां निकल आती हैं। इसमें जलन के साथ-साथ दर्द भी होता है।

**घरेलू उपचारः** घमौरियों का पूर्ण इलाज तभी संभव हो सकता है जब शरीर के रोम छिद्रों के माध्यम से जो विष घमौरी के रूप में निकलना चाह रहा है, उसे बाहर निकाल दिया जाए। इसके लिए प्राकृतिक चिकित्सा में बहुत ही कारगर उपचार है, जिसे आप आसानी से अपने घर पर ही कर सकते हैं।

**मिट्टी स्नानः** मिट्टी स्नान के लिए साफ जमीन से एक फीट नीचे की मिट्टी निकाल लें। मिट्टी से कंकड़, पत्थर और कूड़ा आदि निकाल कर साफ कर लें। फिर किसी बर्तन में रखकर पानी डाल दें। जब पानी के साथ मिट्टी गल जाए तब उसकी लुगदी सी बना लें। अब सुबह की धूप में बैठकर पूरे शरीर पर मिट्टी का गाढ़ा लेप करें। यदि धूप अधिक हो तो सिर पर कपड़ा रख सकते हैं। शरीर पर मिट्टी लेपने के बाद धूप में जरूर बैठना चाहिए। कुछ समय धूप में बैठने के बाद मिट्टी सूखकर अपने आप शरीर से छूटकर गिरने लगेगी। जब मिट्टी पूरी तरह से सूख जाए तब बची हुई मिट्टी को रगड़ कर छुड़ा देना चाहिए। इसके बाद ताजे पानी से स्नान कर शरीर को साफ कर लेना चाहिए। इस उपचार से घमौरी बिल्कुल शांत हो जाएगी और गर्मी में शरीर में कूलिंग का एहसास भी होगा। जिन स्थानों पर यह मिट्टी उपलब्ध न हो वहां मुल्तानी मिट्टी का लेप पूरे शरीर पर लगाया जा सकता है। परंतु इस स्थिति में यह ध्यान रखें कि इस लेप को सूखने पर पानी के छींटे देकर बार-बार भिगोते रहें। इस लेप को कम से कम एक घंटा लगा कर जरूर रखें। बेहतर होगा किसी अनुभवी नेचुरोथेरेपिस्ट के निर्देशन में ऐसा करें। कटि स्नान से भी घमौरियों से राहत मिलती है। इसे भी विशेषज्ञ के निर्देशन में ही लें।

**एलोवेरा का उपयोगः** एक कटोरी में एलोवेरा जैल लेकर पूरे शरीर पर लगाना चाहिए। इसका प्रयोग कम से कम तीस मिनट तक जरूर करना चाहिए। इसके बाद शरीर को ठंडे पानी से स्पंज कर लें या नहा लें। *

**(नेचुरोपैथ चिकित्साधिकारी डॉ. कैलाश द्विवेदी से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन
सोनम लववंशी

सेल्फ मेडिकेशन का मतलब बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए, खुद अपने मन से, कहीं पढ़कर, सुनकर या इंटरनेट पर देखकर किसी रोग की दवा लेना। हाल के वर्षों में इसका ट्रेंड बढ़ रहा है, जबकि ऐसा करना हेल्थ के लिए बहुत हार्मफुल हो सकता है।

## हेल्थ के लिए हार्मफुल सेल्फ मेडिकेशन



घरों में अकसर बुजुर्गों से बातचीत में यह सुना जाता है कि उनके जमाने में वे कभी बीमार नहीं पड़ते थे। लोग सेहतमंद हुआ करते थे, यहां तक कि मौसम की मार भी उन पर असर नहीं करती थी। लेकिन, अब वो स्थिति नहीं रही। बदलती जीवनशैली और खान-पान के कारण हर व्यक्ति कभी न कभी बीमार जरूर होता है। खुद नहीं होता तो उनके परिवार में उसे इस स्थिति का सामना जरूर करना पड़ता है। इस मामले में खतरनाक बात यह है कि आजकल कई लोग बीमारियों का इलाज डॉक्टर से करवाने के बजाय खुद ही करने लगे हैं। जब ऐसे प्रयोग अपना दुष्प्रभाव दिखाते हैं, तो कई बार इसके गंभीर परिणाम तक भुगतने पड़ते हैं। यहां तक कि ऐसा करना जानलेवा भी हो सकता है। इसलिए ऐसा कुछ करने से बचना चाहिए।

**खुद डॉक्टर ना बनें :** कुछ लोगों की आदत होती है कि दोस्तों या परिवार में जैसे ही कोई बीमार होता है, उसे अपना दवा ज्ञान देना शुरू कर देते हैं। यहां तक कि खुद भी अपना इलाज करने लग जाते हैं। सर्दी-खांसी या छोटे-मोटे दर्द तक तो ठीक है, पर लक्षणों को देख कर खुद का दवा-ज्ञान या मेडिकल स्टोर वाले से दवा लेना हेल्थ के लिए गंभीर परेशानी खड़ी कर सकता है। आजकल तो बहुत से लोग इंटरनेट पर भी अपना इलाज खोजने में देर नहीं करते हैं, जबकि इसके परिणाम घातक होते हैं। खासकर छोटे बच्चे, गंभीर रूप से बीमार और बुजुर्गों को तो बिना डॉक्टरी परामर्श के कतई दवा नहीं देनी चाहिए।

**डॉक्टरी परामर्श जरूरी :** डॉक्टरों का तो आए दिन इस तरह के मरीजों से पाला पड़ता है, जो खुद का इलाज करके अपनी बीमारी को और अधिक गंभीर बना लेते हैं। ऐसे मरीज डॉक्टर की सलाह को भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। कई बार तो इंटरनेट रिसर्च करके टेस्ट तक करवा लेते हैं और रिपोर्ट के आधार पर दवाइयां लेना शुरू कर देते हैं। सच्चाई यह है कि अब तो किसी भी बीमारी में डॉक्टर भी बिना जांच के पेशेंट का इलाज शुरू नहीं करते हैं।

**इंटरनेट से बढ़ा ट्रेंडः** लोगों में बीमारी को लेकर सलाह लेने-देने का चलन नया नहीं है। लेकिन, इंटरनेट आने के बाद हर दूसरा आदमी खुद को आधा डॉक्टर मान लेता है। हर बीमारी के झटपट इलाज के दावों की इंटरनेट पर बाढ़ लगी हुई है। इंटरनेट पर बीमारी का इलाज ढूंढ़ना बहुत आसान होता है। इस वजह से कई लोग डॉक्टर के पास जाना भी जरूरी नहीं समझते हैं। इंटरनेट पर जानकारी भले ही सही हो, पर जरूरी नहीं कि वो उस मरीज पर असर ही करे, क्योंकि डॉक्टर मरीज की उम्र, हेल्थ कंडीशन से लेकर उसकी मेडिकल रिपोर्ट तक देखने के बाद ही इलाज करता है। यही नहीं पेशेंट को दवा लेने से कोई एलर्जी या साइड इफेक्ट न हो इस बात का भी पूरा ख्याल रखता है।

**हो सकते हैं गंभीर परिणामः** कई लोग मेडिकल स्टोर से बिना डॉक्टर की पर्ची के ही दवा ले लेते हैं। लेकिन, वे भूल जाते हैं कि मेडिकल स्टोर वाला डॉक्टर नहीं है। उसे दवा की जानकारी हो सकती है, पर जरूरी नहीं कि उसे दवा का सही डोज, मरीज के लिए उसकी जरूरी मात्रा और दवा के दुष्प्रभाव के बारे में सही जानकारी हो। ऐसा अधूरा ज्ञान पेशेंट के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। सेल्फ मेडिकेशन की आदत से कई बार छोटी बीमारी भी बहुत सीरियस हो जाती है। गलत इलाज या गैर जरूरी दवाइयों के सेवन से किडनी और लिवर जैसे अंग खराब होने का भी खतरा बना रहता है।

**प्रभावी कदम उठाने की है जरूरतः** लोगों में सेल्फ मेडिकेशन के बढ़ते ट्रेंड से चिंतित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी इंटरनेट पर मौजूद दवा संबंधी जानकारी और ऑनलाइन कंसल्टेंसी को लेकर एक रिपोर्ट सरकार को दी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में टेली मेडिसिन, टेली कंसल्टेशन, इंटरनेट कंसल्टेशन पर कोई नीति बनाई जानी चाहिए। हालांकि इंटरनेट की जानकारियों पर प्रतिबंध लगाना आसान नहीं है। लेकिन, चेतावनी जरूर दी जा सकती है कि दवाइयों संबंधी जानकारी का अपनी मर्जी से इस्तेमाल न करें। पर, अभी ऐसी कोई नीति नहीं बनी है। ऐसे में लोगों को खुद ही जागरूक होना जरूरी है। *

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### जजपा पूर्व हलकाध्यक्ष रसोई ने दिया त्याग पत्र



**राई।** राई हलके जजपा के पूर्व हलकाध्यक्ष ओमप्रकाश रसोई ने जजपा छोड़ने का एलान किया है। ओमप्रकाश ने बताया कि उन्होंने पार्टी को अपना त्याग पत्र भेज दिया है। त्याग पत्र ने ओमप्रकाश रसोई ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी व पद दे रखे है। सभी से वे अपनी जिम्मेदारी छोड़ने के साथ त्याग पत्र दे रहा हैं।

### ट्रस्ट पदाधिकारियों ने पगड़ी पहनाकर किया स्वागत

**सोनीपत।** महर्षि वाल्मीकि आश्रम ट्रस्ट के प्रांगण में बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन नरेंद्र लोहट ने की। इस दौरान दयानंद वाल्मीकि को कांग्रेस का एसी प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष व हरिप्रकाश मंडल को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर स्वागत किया। समाज के लोगों ने दयानंदर वाल्मीकि और हरिप्रकाश मंडल का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

### दोहरे हत्याकांड में एक और आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** जिला की एसएजी यूनिट की पुलिस ने गांव लाठ-जौली चौक में हुए दोहरे हत्याकांड में एक और आरोपित रोहतक के चुलियाना के नवीन को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय के आदेश पर आठ दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। गांव लाठ के मनजीत ने 15 सितंबर 2023 को सदर थाना पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके ताऊ के लड़के रमेश और दादा राज सिंह की लाठ-जौली चौक में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी।

### पिस्तौल के बल पर बाइक छीनी, केस

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने दो अलग-अलग स्थानों पर पिस्तौल के बल पर लूट की वारदातों को अंजाम दिया। बदमाश एक फैक्टरी के सुपरवाइजर से बाइक व मोबाइल तथा दूसरी फैक्टरी के सुपरवाइजर से 30 हजार लूट ले गए। पुलिस ने लूट के मुकदमे दर्ज कर लिए है।

### चोरी में संलिप्त दो आरोपित गिरफ्तार

**खरखौदा।** चोरी करने की घटना में शामिल दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पाई निवासी नवीन व प्रदीप है। गत 4 मई को झुंझुनू राजस्थान निवासी सुभाषचन्द्र ने थाना खरखौदा में शिकायत दी कि 3 मई को उसका ड्राईवर सन्दीप गाडी मे 16 पेटी आयुर्वैदिक मेडिसिन, 11 पेटी एच एल मेडिसिन, 150 पेटी ओ आर एस 200 एमएल व 20 बैटरी मार्का ऑटोलेक करनाल व कुरुक्षेत्र से लेकर चला था।

### निफ्टेम निदेशक ने डा. सिंह को किया सम्मानित



**राई।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि द्वारा की जाने वाली सामाजिक,आध्यात्मिक सेवाओं के लिए संस्था के डा. रघुवीर सिंह को राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान (निफ़्टेम)कुंडली के निदेशक डॉक्टर हरिंदर सिंह ओबेरॉय ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

### मानवता की भलाई के लिए हमेशा तैयार रहें

**गोहाना।** बुधवार को विश्व रेडक्रास दिवस पर राजकीय उच्च विद्यालय सिवानका और राजकीय कन्या वमावि गोहाना में कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिवानका के विद्यालय में मानवता को जिंदा रखो विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। मुख्य अतिथि मुंडलाना खंड के बीआरसी राजकुमार ने विद्यार्थियों को कहा कि वे मानवता की भलाई के लिए हमेशा तैयार रहें।

### संदिग्ध हालत में गर्भवती की मौत

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के गोहाना रोड स्थित ओम नगर में संदिग्ध हालत में गर्भवती की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में भिजवाया। गायनी चिकित्सक के न होने से शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया।

---

### कुरुक्षेत्र में होगा प्रशिक्षण, जिले से जाएंगे 75 विद्यार्थी

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण के बाद होगी सुपर-100 की परीक्षा

## 9 से 11 मई तक करवाई जाएगी तैयारियां, इसके बाद होगी परीक्षा

**लेवल 2 की परीक्षा के लिए चयनित किए गए थे विद्यार्थी, 11 मई को होगी परीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना सुपर-100 की लेवल-2 की परीक्षा 11 मई को आयोजित होनी है। इसको लेकर चयनित विद्यार्थियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में जिले से 75 विद्यार्थियों को हिस्सा लेना है। 9 मई से 11 मई तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर के लिये सभी विद्यार्थी वीरवार सुबह कुरुक्षेत्र के लिये रवाना होंगे। कुरुक्षेत्र में ही इन विद्यार्थियों का प्रशिक्षण किया जाएगा, इसके उपरांत लेवल-2 की परीक्षा होगी।

बता दें कि सुपर-100 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 31 जनवरी तक चली थी। जिसके तहत जिले भर से 2179 विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया था। 6 फरवरी को खंड स्तर पर हुई लेवल-1 की परीक्षा में 1575 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसका परिणाम 16 मार्च को जारी किया गया था। जिसमें जिले के महज 75 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की थी। इनमें मुंडलाना खंड के छात्र सिद्धार्थ स्वरूप ने 72.5 फीसदी अंकों के साथ जिले में टॉप किया था। जिले का परीक्षा परिणाम महज 4.76 फीसदी रहा था। अब लेवल-2 की परीक्षा का शेड्यूल जारी किया गया है। इस परीक्षा में सोनीपत जिले के 75 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का परिणाम बेहतर आ सके, इसके लिए चयनित मेधावियों को पहले तीन दिन कोचिंग दी जाएगी।



**किस जिले से कितने विद्यार्थी**

| जिला | विद्यार्थी |
|---|---|
| फतेहाबाद | 164 |
| गुरुग्राम | 130 |
| सोनीपत | 75 |
| रोहतक | 51 |
| पलवल | 35 |
| कुल | 455 |

**शिक्षा विभाग करेगा व्यवस्था**

सुपर-100 लेवल 2 की परीक्षा के लिए चयनित विद्यार्थी वीरवार सुबह कुरुक्षेत्र के लिए रवाना होंगे। जहां 9 से 11 मई तक उन्हें कोचिंग दी जाएगी। 11 मई को परीक्षा होगी। विद्यार्थियों के रहने और खाने की व्यवस्था शिक्षा विभाग की तरफ से की जाएगी। *सुरेंद्र सिंह, जिला विज्ञान विशेषज्ञ, सोनीपत*

**कुरुक्षेत्र में होगी परीक्षा**

जिले के विद्यार्थियों की सुपर 100 लेवल 2 की परीक्षा चौथे बैच में 11 मई को होगी। इस बैच में सोनीपत के साथ ही पलवल, रोहतक, गुरुग्राम, फतेहाबाद जिले के 455 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के दौरान बैच के सभी विद्यार्थियों को ठहराव बारना प्रभु दयाल कॉलेज, कुरुक्षेत्र में किया गया है। कॉलेज परिसर तक विद्यार्थियों को पहुंचाने व परीक्षा के बाद वापस लेकर जाने की जिम्मेदारी अभिभावकों की होगी।

**अभिभावकों को बच्चों से मुलाकात के लिए मिलेंगे केवल 30 मिनट**

कॉलेज परिसर में 9 मई को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक प्रवेश होगा। इसके बाद पंजीकरण नही हो पाएगा। अभिभावकों को परिसर में रुकने की इजाजत नही होगी। हालांकि शाम 6 से 6.30 बजे तक प्रतिदिन बच्चों से मुलाकात कर सकते हैं। विद्यार्थियों को अपने साथ अपना आधार कार्ड और दो फोटो लाने अनिवार्य हैं। इसके साथ सुपर 100 लेवल 2 का एडमिट कार्ड भी साथ रखना होगा। विद्यार्थियों को अपने साथ कपड़े, साबुन, टूथपेस्ट, तौलिया व पैन, पेंसिल व कॉपी रखनी होगी।

---

# गेहूं के फांस जलाना न पर्यावरण न ही भूमि की सेहत के लिए अच्छा : विवेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

एसडीएम विवेक आर्य ने कहा कि गेहूं के अवशेष (फांस) जलाना पर्यावरण के साथ खिलवाड़ है। इससे न केवल पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है अपितु जमीन की उर्वरा शक्ति पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। किसान गेहूं के अवशेष न जलाएं। जो किसान अवशेष जलाएगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निगरानी के लिए कमेटियां बनाई गई हैं। विवेक आर्य ने कहा कि कंबाइन मशीन से गेहूं की फसल की कटाई करवाने के बाद कुछ किसान



फांसों में आग लगा देते हैं जो उचित नहीं है। फांस जलाना न तो पर्यावरण और न ही खेत की जमीन की सेहत के लिए अच्छा है। आग की चपेट में आने से खेतों में पेड़-पौधे जलने से नष्ट हो जाते हैं जिससे पर्यावरण को भारी आघात पहुंच रहा है। अवशेष जलाने से धुएं से लोगों को सांस लेने में परेशानी होती है और आंखों में जलन होती है। कई बार सडक पर धुआं फैलने से दुर्घटना भी घटित हो जाती है। गेहूं की फसल के अवशेष जलाने पर किसान के मित्र कीट भी आग में जलने से भस्म हो जाते हैं और भूमि की उर्वरा शक्ति भी कम हो रही है। कहा कि इस संदर्भ में निगरानी के लिए तहसील स्तर, खंड स्तर और ग्राम स्तर पर कमेटियां गठित की गई हैं, जिनसे रोजाना रिपोर्ट ली जा रही है। सभी गांवों में मुनादी भी करवाई गई है।

**जिले में धारा 144 लागू**

एसडीएम ने कहा कि गेहूं के अवशेष जलाने पर रोक लगाने के लिए जिला उपायुक्त के आदेश पर धारा 144 लागू की गई है। फसल अवशेष जलाना धारा 144 की उलंघना है जिसके तहत ठोस कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव 12 को



**सोनीपत।** ब्राह्मण उत्थान परिषद सोनीपत के पदाधिकरियों ने बुधवार को पत्रकारवार्ता करते हुए बताया कि परिषद द्वारा 12 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। ब्राह्मण उत्थान परिषद के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया की सोनीपत शहर में भगवान परशुराम जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। भगवान परशुराम चौक निकट आईटीआई चौक से शोभा यात्रा सुबह शुरू होकर सुभाषचौक बस स्टैंड गांधी चौक से होती हुई सेक्टर 15 में समापन किया जाएगा। कम्युनिटी सेंटर सेक्टर 15 में सम्मान समारोह और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मुकेश शर्मा, अरुण कौशिक भारतीय, एडवोकेट रविंद्र शर्मा, हिमांशु शर्मा, राजेश शर्मा मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### कविता से रेडक्रॉस की मानवता की सेवा का महत्व बताया




**सोनीपत।** पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा में विश्व रेडक्रॉस दिवस के मौके पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने सर हेनरी ड्यूना और सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्राचार्या ने जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता सुनीता ने किया। नैन्सी और सुनीता ने रेडक्रॉस के इतिहास, उद्देश्य, लक्ष्यों और सर हेनरी ड्यूना के जीवन पर प्रकाश डाला। छात्रा प्रिया ने अपनी कविता द्वारा रेडक्रॉस की मानवता की सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान जिला समन्वयक शशि मेहता, सुनीता, विष्णु दत्त, सरिता, ममता, समिता, अरुण, प्रोमिला, आशा, रेनू, मीनाक्षी, सुमन, सुषमा, सुशीला, मुकेश, अमित, प्रवीण, रीतू राज, रजनी आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली




**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में बुधवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं ने ज्ञानवर्धक पोस्टर बना कर रेडक्रॉस के संदेशों से सभी को अवगत करवाया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने रेडक्रॉस के संस्थापक और शांति के लिए पहले नोबेल पुरस्कार विजेता जीन हेनरी ड्यूनैंट की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर श्वेता शर्मा, बीना, ज्योति शर्मा, पीटीआई ज्योति, संजीत, भावना, रितु सहित सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य मौजूद रहे ।

### रैली निकाल दिया जनसेवा व राष्ट्र सेवा का संदेश




**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्ज कालेज में बुधवार को विश्व रैडक्रॉस दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसका शुभारंभ प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह व वाईआरसी काउंसलर डा.पूजा गुलाटी ने रैडक्रॉस का ध्वज फहराते हुए किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी ने सफल आयोजन के साथ विश्व रैडक्रॉस दिवस की बधाई दी। विश्व रैडक्रॉस दिवस में जीवीएम की रैडक्रॉस की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। वाईआरसी डा. पूजा गुलाटी ने विश्व रैडक्रॉस दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके आयोजन की रूपरेखा से अवगत करवाया। इस दौरान प्रतिभागी छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालते हुए जनसेवा के साथ राष्ट्र सेवा का संदेश दिया।

### भदाना में दिलाई बच्चों को शपथ



**सोनीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में प्रधानाचार्या सविता गुलिया के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्या ने बच्चों को रेडक्रॉस के संस्थापक का जीवन परिचय दिया। इस दौरान शारीरिक शिक्षक महेंद्र सिंह ने बच्चों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर अनिता शर्मा, मधुमति, अनिता, गीता, किरण, सुमन, मनीष आदि मौजूद रहे।

### गांव अगवानपुर में फहराया रेडक्रॉस का झंडा

**सोनीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगवानपुर में विश्व रेड क्रॉस डे के मौके पर रेडक्रॉस झंडा फहराया गया। इस अवसर पर काउंसलर बिजेंद्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष विश्व रेड क्रॉस दिवस की थीम मानवता को जिन्दा रखना है। इसी संदर्भ में हमारे विद्यालय की जेआरसी यूनिट लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिला संयोजक शशि मेहता द्वारा रचित रेडक्रॉस झंडा गीत व रेडक्रॉस प्रार्थना गाई । प्राचार्य रमेश के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### रक्तदाताओं को होना चाहिए स्वयं पर गर्व : डीईओ



**सोनीपत।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा ब्राइट स्कॉलर स्कूल में रक्तदान शिविर तथा हैबीटेट क्लब व सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल में प्रशिक्षिण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्राइट स्कॉलर स्कूल में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि शरीर स्वस्थ और निरोगी होता है। उन्होंने रक्तदाताओं का आह्वान किया कि वे रक्तदान शिविरों में बढ़ चढ़कर भागीदारी करते हुए रक्तदान करते रहे और जरूरतमंदों को जीवनदान देते रहें।

### छात्रों को समाज की सेवा के प्रति तत्पर रहना चाहिए

**सोनीपत।** शम्भूदयाल बीएड कॉलेज में वर्ल्ड रेडक्रॉस डे पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रधान विजय जैन, सचिव शिव कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष नलिनी देवी ने संदेश दिया कि छात्रों को समाज की सेवा के प्रति तत्पर रहना चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ. सुनीता सयाल ने नोडल अधिकारी ईशकुमार, शिल्पा टंडन के साथ मिलकर विद्यार्थियों से भिन्न-भिन्न कार्यक्रम का आयोजन करवाया। प्रतियोगिता में अंजलि प्रथम रही।

---



खरखौदा। अपर्णा का स्वागत करते प्रताप स्कूल प्रबंधन। फोटो :हरिभूमि

### अपर्णा का ब्रिक्स गेमस के लिए चयन

**खरखौदा।** रूस में जून में आयोजित होने जा रहे ब्रिक्स गेम्स वुशु के लिए 3 व 4 मई को जम्मू में ट्रायल हुए। जिसमें प्रताप स्कूल खरखौदा की अपर्णा ने 48 किग्रा भारवर्ग में गोल्ड मैडल प्राप्त किया। जिससे उनका चयन ब्रिक्स गेमस के लिए हुआ है। वहीं 10 वीं एशियाई वुशु प्रतियोगिता के लिए जम्मू में ट्रायल हुआ जिसमें अपर्णा का चयन राष्ट्रीय कैंप के लिए हुआ है। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश खेल निदेशक प्रताप स्कूल ने बताया कि अपर्णा राष्ट्रीय स्तर पर 6 बार पदक प्राप्त कर चुकी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अपर्णा ब्रिक्स गेमस में भी पदक प्राप्त कर भारतवर्ष का नाम रोशन करेगी। अपर्णा का विद्यालय में पहुँचने पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, विद्यालय संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर सुबोध दहिया, डॉ दीपिका दहिया ने स्वागत किया।

# नाटक के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा का महत्व समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

स्थानीय गीता विद्या मंदिर रेडक्रॉस दिवस मनाया। कार्यक्रम में छात्रों ने पोस्टर व प्राथमिक चिकित्सा संबंधी नाटिका के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा का महत्व समझाया। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। कक्षा 5वीं की छात्रा हर्षिता, इराज, उत्कर्ष, शौर्य, दिव्य, दिव्या, तनाया, मानसी व यशिका ने नाटक के माध्यम से प्राथमिक उपचार के विषय को समझाया। यह नाटक शिक्षिका रचना सिंगला ने तैयार करवाया। कक्षा 5वीं के छात्र गर्वित व आचार्या किरण बाला ने विश्व रेडक्रॉस दिवस के बारे में बताया कि वर्ल्ड रेडक्रॉस डे का मुख्य उद्देश्य असहाय और घायल सैनिकों तथा नागरिकों की रक्षा करना है। यह दिवस 8 मई को हेनरी डुनेंट की जयंती पर मनाया जाता है। मंच सचालन 9वीं की छात्रा हिमांशी ने किया। प्राचार्य अश्वनी कुमार ने कहा कि इस दिन हर किसी को शांति के लिए कुछ अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।



गोहाना। विजेता विद्यार्थी प्रशस्ति पत्रों के साथ। फोटो : हरिभूमि

# विभिन्न श्रेणियों मे विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया

## विश्व एथलेटिक्स दिवस पर खेलों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा स्टेप्स संस्था के रेड पेंथर अकादमी खेल परिसर, कुंडली सोनीपत में विश्व एथलेटिक्स दिवस पर खेलों का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने कई इवेंट्स मे भाग लिया। उद्घाटन स्टेप्स संस्था के अध्यक्ष विकास तुषीर एवं संस्था के फाउंडर विशेष दहिया एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर किया। मंगलवार को प्रतियोगिता में अंडर 14 और अंडर 18 बालिका वर्ग, अंडर 14 और अंडर 18 बालक वर्ग, अंडर 12 बालिका और बालक वर्ग की दौड़ आयोजित की गई। भिन्न भिन्न खेलों मे विभिन्न श्रेणीयो मे विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।



सोनीपत। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के साथ संस्था के पदाधिकारी।



गोहाना। रवींद्रनाथ टैगोर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### रविंद्रनाथ टैगोर बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे : गुप्ता

**गोहाना।** रवींद्रनाथ टैगोर बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। यह टिप्पणी मंगलवार को शहर की गौशालाओं के पूर्व अध्यक्ष जय नारायण गुप्ता ने की। गुप्ता शहर में उत्तम नगर में स्थित संत नामदेव रोहिल्ला धर्मशाला में टैगोर की जयंती पर हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अध्यक्षता नगर पार्षद जगदीश राय मदीना ने की। तत्वावधान आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे का रहा। संचालन मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया। मुख्य वक्ता जय नारायण गुप्ता ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर संगीतकार के साथ चित्रकार और नाटककार भी थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष और नगर पार्षद जगदीश राय मदीना ने कहा कि टैगोर को 1913 में गीतांजलि के लिए नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया। अवसर पर रामेश्वर दयाल रोहिल्ला, मुकेश प्रजापति, राजपाल कश्यप, सतबीर पौडिया, कश्मीरी लाल बावा, अंकुश गुप्ता, ईश्वर प्रजापति, रितिक दांगी, धीरज कुमार आदि भी मौजूद रहे।

---

**कार्यक्रम** विश्व रेडक्रास दिवस के उपलक्ष्य में देवकुल शिक्षा सदन में कार्यक्रम

# बच्चों को मानवता की सेवा करने के लिए किया जागरूक

रेडक्रास हमें उदारता और निस्वार्थ सेवा की भावना को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

खंड स्तर पर विश्व रेडक्रास दिवस के उपलक्ष्य में देवकुल शिक्षा सदन में मंगलवार को जागरुकता कार्यक्रम करवाया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि व विशिष्ठ अतिथि प्रधानाचार्य सुशील त्यागी, प्राध्यापक जगबीर देशवाल ने शिरकत की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रेडक्रास संस्था के संस्थापक सर हैनरी डियोना के जीवन, उनकी मानवता के प्रति सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि 8 मई का दिन पूरे विश्व में रेडक्रास दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानाचार्य सुशील त्यागी ने कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस की शुरूआत प्रथम विश्व युद्ध के बाद की महत्वपूर्ण घटनाओं से हुई है। विद्यार्थियों में उदारता, सहानुभूति और निस्वार्थ सेवा की भावना का विकास करने के लिए रेडक्रास दिवस से संबंधित एक प्रेरणादायक वीडियो भी दिखाई गई। प्राध्यापक जगबीर देशवाल ने कहा कि रेडक्रास हमें उदारता, सहानुभूति और निस्वार्थ सेवा की भावना को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। विद्यार्थियों में उदारता, सहानुभूति और निस्वार्थ सेवा की भावना का विकास करने के लिए हम इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहते हैं। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक मौजूद थे।




गन्नौर। स्कूल पहुंचने पर अतिथियों का स्वागत करते स्कूल संचालक। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मनुसागर निवासी चौहान जोशी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताद की जा रही है। चौहान जोशी निवासी देवेंद्र ने 7 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह बहालगढ़ चौक पर दीपालपुर रोड स्थित मोहित मेडिकोज के नाम से दुकान कर रखी है। वह दुकान पर बैठा हुआ था। उसकी दुकान के साथ लगती गली में सागर के चाचा का गोदाम है।

### मोबाइल संचालक पर डंडे से हमला कर किया घायल

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी स्थित मोबाइल संचालक से मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जुआं निवासी दीपक ने बताया कि वह 6 अप्रैल को अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। उसी दौरान सुशील व राहुल निवासी भौरगढ़ उसकी दुकान पर आए। मोबाइल ठीक करवाने के बहाने उससे गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर उस पर डंडों से हमला कर घायल कर दिया।

### कॉल आने के बाद घर से निकला चालक लापता

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव प्रीतमपुरा में मोबाइल फोन पर कॉल आने पर बातचीत करने के लिए निकले चालक के लापता होने का मामला सामने आया है। चालक की पत्नी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रीतम पुरा निवासी आरती ने बताया कि उसका पति रविंद्र चालक की नौकरी करता है। उसके फोन पर किसी की कॉल आई कि गाड़ी वहीं लेकर जानी है। उसका पति घर से गाड़ी को ले जाने के लिए निकला गया। उसके पति का रात 10.30 बजे फोन आया कि उसे धोखे से बुलाया गया। उसके बाद उसका फोन कट गया। उसके बाद उसके पति को कोई सुराग नहीं है।

## 47 साल के इतिहास में 2019 के लोकसभा चुनावों में थे सबसे अधिक प्रत्याशी

# पिछली बार मैदान में थे 29, इस बार की सटीक संख्या मिलेगी आज

1996 में सोनीपत लोकसभा से कुल 28 उम्मीदवार थे मैदान में, इस बार अभी तक 25 उम्मीदवार हैं मैदान में, कुछ आज ले सकते हैं नामांकन वापस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत को लोकसभा सीट बने हुए 47 साल हो चुके हैं। इन 47 सालों में इस सीट के लिये कुल 12 बार चुनाव हुए हैं। हर बार कोई ना कोई रिकॉर्ड बनता या जुड़ता आ रहा है। जैसे कि 1996 के चुनावों में सोनीपत लोकसभा से कुल 28 उम्मीदवार मैदान में थे। 23 साल लगे इस रिकॉर्ड को तोड़ने में।

- सबसे कम 1977 के चुनावों में केवल 5 उम्मीदवारों ने लड़ा था चुनाव

2019 के लोकसभा चुनावों में कुल 29 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। 2019 का ये रिकॉर्ड कम से कम इस बार तो नहीं टूटेगा। क्योंकि लोकसभा के लिये अब तक 25 उम्मीदवार ही मैदान में हैं, इनमें से भी कुछ उम्मीदवार शायद अपना नाम वापस ले लें। वीरवार को नामांकन वापसी का आखिरी दिन है, ऐसे में वीरवार शाम तक ही स्पष्ट हो पाएगा कि लोकसभा में कितने उम्मीदवार होंगे।

बता दें कि लोकसभा चुनावों के लिये नामांकन प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है, जबकि नामांकन वापसी का आखिरी दिन वीरवार को है। जिले में विभिन्न राजनीतिक दलों एवं आजाद उम्मीदवारों के तौर पर कुल 34 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था।

6 मई तक चली नामांकन प्रक्रिया के बाद 7 मई को नामांकन छंटनी का कार्य किया गया। जिसके चलते 34 उम्मीदवारों में से 9 के नामांकन रद्द कर दिए गए। अब लोकसभा के लिये कुल 25 उम्मीदवार मैदान में हैं, हालांकि सही तस्वीर वीरवार शाम के बाद ही सामने आ पाएगी। क्योंकि वीरवार शाम तक नामांकन वापसी का समय है। ऐसे में अगर कोई उम्मीदवार अपना नामांकन वापस नहीं लेता तो 25 ही उम्मीदवार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

### 77 में 5 तो 99 में 6 थे उम्मीदवार

उम्मीदवारों की संख्या के हिसाब से देखा जाए तो सबसे कम उम्मीदवार 1977 के चुनावों में थे। उस समय केवल 5 उम्मीदवार ही चुनाव मैदान में थे। इस श्रेणी में दूसरा नंबर 1999 के चुनावों का आता है, जबकि केवल 6 उम्मीदवारों ने ही लोकसभा चुनाव लड़ा था। 1980 और 1991 में 11-11 उम्मीदवार थे। 1984 और 1998 में 17-17 उम्मीदवार मैदान में थे। 2004 में 20 तो 2009 में 21 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे।

### ये उम्मीदवार हैं फिलहाल मैदान में

लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों में इंडियन नेशनल लोकदल से अनूप सिंह, बहुजन समाज पार्टी से उमेश कुमार, जननायक जनता पार्टी से भूपेन्द्र सिंह, भारतीय जनता पार्टी से मोहन लाल, इंडियन नेशनल कांग्रेस से सतपाल ब्रह्मचारी, आम आदमी परिवर्तन पार्टी से नरेश कश्यप, सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कॉम्युनिस्ट) से बलबीर सिंह, समता पार्टी से राकेश, राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी से राकेश धारीवाल, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) पार्टी से राधे श्याम, फौजी जनता पार्टी से संतोष मलिक, राष्ट्रीय गरीब दल से सुनील कुमार शामिल है। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों में अश्वनी, कमलेश कुमार सैनी, जगबीर, दीक्षित, दीपक, निर्मल सिंह, रमेश कुमार खत्री, रोहतास, संजय दास, सतपाल, संत धर्मबीर चोटीवाला, सुमित तथा सुरेन्द्र सिंह शामिल है।

### जबरन वसूली व मारपीट के आरोप में चार के खिलाफ केस

**गन्नौर।** खेड़ी रोड पर किराने की दुकान के संचालक से जबरन वसूली करने व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। दुकान संचालक ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में शास्त्री नगर के अमित गोयल ने बताया कि उनकी खेड़ी रोड पर न्यू हरियाणा ट्रेडर्स के नाम से किरयाणा की दुकान है। उसके नजदीक जगमेंद्र और उसका लड़का योगी केले का काम करते है तथा चिंटू व संदीप सैनी खेड़ी रोड पर ही केले व हलवाई का काम करते हैं। आरोप है कि उक्त चारों उसे जान से मारने की धमकी दे कर हर महीने उगाही करते हैं। आरोपितों ने उससे पहले भी 50 हजार रुपये ले रखे हैं और अब 2 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। जब उसने रुपये देने से मना किया तो 7 मई को जगमेंद्र, योगी, चिंटू व संदीप सैनी उसकी दुकान पर आए और पैसे न देने के कारण उसके साथ मारपीट की।




**गन्नौर।** स्कूल के निदेशक राकेश यादव व प्रधानाचार्या प्रतिभागी विजेता छात्रों के साथ।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में छात्रों ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

खेड़ी रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कर्ष मंडल,दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कार्तिक, गौरान्गी, अक्षरा, हर्षित, शिव, अंश, खुशी तथा दीपिका ने भाग लिया। विद्यालय स्तर पर गौरान्गी तथा खुशी ने स्वर्ण पदक, कार्तिक तथा दीपिका ने रजत पदक, शिवअंश ने कांस्य पदक तथा हर्षित और अक्षरा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्तिक 30वें स्थान पर तथा गौरान्गी 54वें स्थान पर रही। कार्तिक को स्वर्ण पदक और विशिष्ट प्रशस्ति पत्र तथा गौरान्गी को विशिष्ट प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रहित सर्वोपरि, यूं ही जारी रहेगी विकास की गाड़ी : बड़ौली

- भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने सोनीपत व सफीदों विधानसभा क्षेत्र के गांवों में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली ने बुधवार को सोनीपत और सफीदों विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। सफीदो में सब्जी मंडी सफीदो, खरकहा, बहादुरपुर, सफीदों, बुढा खेड़ा, रजाना खुर्द, रजाना कला, जामनी, मांडी खुर्द, मोहम्मद खेड़ा, खरक गदियां, बनिया खेड़ा, तेली खेड़ा, आहलन, रिटौली, बेरी खेड़ा, जयपुर, सिंघाड़ा आदि गांवों में पहुंचकर मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिना किसी भेदभाव के संपूर्ण विकास किया है। इसी प्रकार से विकास कार्यों को आगे भी जारी रखा जाएगा। भाजपा के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली ने खरखोदा कार्यालय पहुंचकर राजस्थान के झुंझुनू के सांसद सुभकरण चौधरी और लोकसभा प्रभारी पूर्व सांसद सन्तोष अहलावत से मिलकर चुनाव पर चर्चा की। भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली की पत्नी गीता देवी ने नाहरा गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया।



**सोनीपत।** जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली की पत्नी गीता देवी का स्वागत करते हुए।

# पिस्तौल तानकर बाइक व मोबाइल लूटा, दूसरी जगह 30 हजार लूटे

- बदमाशों ने कुंडली क्षेत्र में दिया दो वारदात को अंजाम
- कुंडली हाईवे के पास एक फैक्टरी के सुपरवाइजर की बाइक व मोबाइल लूटा
- बारोटा स्थित दाना फैक्टरी के सुपरवाइजर से 30 हजार लूट ले गए बाइक सवार तीन बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर पिस्तौल के बल पर बाइक, मोबाइल फोन व दूसरी जगह से 30 हजार रुपये की राशि के लूटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

पहला मामला-बिस्नूपुर चड्डी थाना औरंगाबाद हाल में अकबरपुर बारोटा निवासी गुड्डू ने बताया कि वह अलोविंस कम्पाऊंस में सुपरवाइजर के पद पर तैनात है। वह कंपनी के सामने करीब 8.15 पर लेबर की मजदूरी देने लगा। उसके पास थैले में तीस हजार रुपये थे। उसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर तीन लड़के सवार होकर आए। उन्होंने अपने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था।

**दूसरा मामला:** गांव नहराना सिरसा हाल में शिवपुरी कॉलोनी कुंडली निवासी सोनू ने बताया कि वह कुंडली स्थित कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात है। गत 7 मई को अपनी बाइक पर सवार होकर कंपनी से माखन भोग दहिया मार्करेट के कार्यालय में जा रहा था। करीब 5 बजे शाम को औद्योगिक क्षेत्र में मार्केट रोड पर पहुंचा। उसी दौरान तीन-चार लड़कों ने उसकी बाइक को रूकवा लिया। बाइक रोकने के बाद एक लड़के ने उसे पिस्तौल लगा दी।

## हवन हमारी प्राचीन संस्कृति का प्रतीक



**गोहाना।** हवन में आहुतियां डालते हुए विद्यालय के शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-महम मार्ग पर गांव मदीना में डीबीएम पब्लिक स्कूल में बुधवार को भरपाई देवी की स्मृति में हवन करवाया गया। हवन के मुख्य यजमान भरपाई देवी के पोते और स्कूल के एमडी विकास मलिक रहे। अध्यक्षता प्राचार्या पूजा राणा ने की।

विकास मलिक ने कहा कि हवन हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है। हवन का न केवल धार्मिक बल्कि वैज्ञानिक महत्व भी है। हवन करने से पर्यावरण शुद्ध होता है और करीब 94 प्रतिशत हानिकारक जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। एमडी ने कहा कि अशिक्षित होते हुए भी उनकी दादी का सपना था कि जरूरतमंद बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले। उनकी इच्छा का अनुसरण करते हुए यह शिक्षण संस्थान खोला गया। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन विद्यालय के अध्यक्ष एवं पूर्व कार्यकारी अभियंता धर्मबीर सिंह मलिक का रहा।




### कान के कच्चे प्रत्याशी, नेताजी देते रहते हैं फीडबैक

उधारी मांगने वाले से प्रत्याशी कान के कच्चे बताए जा रहे हैं। सुनने में आया है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंच के इस दावेदार को आजकल लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाई जीत चुके नेताजी ज्ञान देते रहते हैं। चुनावी कार्यक्रमों में साथ रहते हुए सामने वाले व्यक्ति के बारे में फीडबैक देते हैं। इस बात से वर्करों में नाराजगी है, समय रहते दूर नहीं की गई तो परेशानी हो सकती है।



### आंधे की माक्खी राम हटावै

सचिवालय का एक महकमा, जिसे ढोल पीटने वाला महकमा कहा जाता है। उसके मुखिया की हाल ही में बदली हुई है। मुखिया अब अपने ही महकमे के एक पूर्व अधिकारी पर आरोप लगा रहे हैं। कहते हैं कि उनकी शिकायत पर ही बदली हुई है। खैर जो भी हुआ, जैसे भी हुआ। मजे तो नए मुखिया के हो गए। आंधे की माक्खी राम हटावै वाली बात साबित हो गई।



### 2 करोड़ की उधारी, गारंटी अमीर नेता की

एक राजनीतिक दल के प्रत्याशी की माली हालात खस्ता बताई जा रही है। सुनने में आया है कि चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशी ने 2 करोड़ रुपये उधारे लिये हैं। गुड़मंडी से जुड़े लालाजी ने इतनी बड़ी रकम उधारी दी है। कमाल की बात ये है इस लेन-देन के दौरान लालाजी एक बार तो थोड़े से हिचकिचाए थे, लेकिन अपने अमीर कांग्रेसी नेता ने खुद की गारंटी दी, तब जाकर कैश हाथ में आया है।

### हमारे घर आएंगें सीएम तो हम भी पी लेंगे चाय

बात संघ से जुड़े एक पुराने नेता की है। जो कुछ समय पहले तक सरकार में हिस्सेदार थे, फिलहाल वकालत कर रहे हैं। नेताजी के गुहांड में सीएम की चाय थी। आयोजक ने नेताजी को न्यौता भेजा तो नेताजी बोले कि हमारे घर आएंगें सीएम तो हम भी चाय पी लेंगे।

### बड़े बोल से परेशान प्रत्याशी, फिर से की है शिकायत

राजनीतिक गलियारों में अर्शा से फर्श पर आए नेता के चर्चे पूरे जोरों पर हैं। चुनावी सरगर्मियों में नेताजी के रंग ठीक नहीं है, अपनी ही पार्टी के प्रत्याशी की अपनों में खिलाफत कर रहे हैं। पहले तो भाई ने सुपर सीएम के सामने पेशी दी थी, इसके बाद सुपर सीएम आवास पर भी पहुंचें थे।

## दीवार के निर्माण को लेकर विवाद में पिस्तौल दिखाकर दी जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** गांव गुमड़ में दीवार के निर्माण को लेकर विवाद में घर में घुसकर हाथापाई, गाली गलौच करने, पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में गुमड़ गांव के नरेन्द्र ने बताया कि 8 मई को गांव की रोशनी, प्रदीप व विकाश ने दिवार निर्माण को लेकर तीनों ने हमारे घर मे घुसकर दिवार की इंटें उखाड़ दी व मेरे पिता महासिंह के साथ हाथापाई, गाली गलोच करने के बाद झगड़ा किया। शिकायत में आरोप है कि 9 मई को तीनों आरोपित ने दोबारा से गली में संदीप की पत्नी अंजली व मेरे उपर ईटों से हमला कर घायल कर दिया।

आरोप है कि प्रदीप ने जाते हुए हाथ मे पिस्तौल लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में दाखिल करवाया।

# कानूनी जागरुकता शिविर में छात्रों को कानून के बारे में किया जागरूक

- कानूनी जानकारी बच्चो के लिए अति आवश्यक : नेहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत के तत्वाधान में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव मीनू के निदेर्शानुसार बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में लीगल एड काउंसल व अधिवक्ता अरुण कुमार ने शिरकत की। अध्यक्षता स्कूलकी एकेडमिक हेड नेहा ने की। अधिवक्ता अरुण कुमार ने बताया कि प्राधिकरण के द्वारा सभी 18 वर्ष से कम आयु के बच्चो को मुफ्त कानूनी सहायता दी जाती है। मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्यों, मत का अधिकार, यौन शोषण रोकथाम, आजादी का अमृत महोत्सव, डेली लोक अदालत, रोल ऑफ़ लीगल सर्विसेज अर्थोरिटी, वरिष्ठ नागरिक जागरूकता, कुष्ठ रोगियों के इलाज व पुनर्वास अधिकार आदि विषयो पर विस्तार से कानूनी जानकारी दी । एकेडमिक हेड नेहा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों में अपने कर्तव्यों और अधिकारों की जानकारी मिलती है जो कि बच्चो के लिए बहुत जरूरी है।



**गन्नौर।** लीगल एड काउंसल व अधिवक्ता अरुण कुमार जागरूक करते हुए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कर्म भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी है।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 × 8 से.मी<br>10× 8 से.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### कहासुनी कर रंजिश में युवक व परिजनों को पीटा, जातिसूचक शब्द कहे

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में कहासुनी की रंजिश में युवकों व उसके परिजनों को पीटकर घायल करने व जाति सूचक शब्द कहने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

- युवक का आरोप भाई के साथ मारपीट कर रहे थे एक परिवार के सदस्य, बीच बचाव को गए तो उन्हें भी पीटा

गांव टोंकी मनौली निवासी सोनू ने बताया कि गत 7 मई को उसका भाई अंकित घर के बाहर गली में खड़ा हुआ था। उसी दौरान रोहित, रवि, प्रमोद, व दुलरी, पायल, राहुल हाथ में डंडों से अंकित को पीट रहे थे। बीच-बचाव के दौरान उनके साथ भी मारपीट करना शुरू कर दिया। उन्हें घायल अवस्था में छोड़कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उपचार के लिए उन्हें अस्पताल में लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी

## पार्षदों ने एसडीएम को पेयजल समस्या के बारे में करवाया अवगत

# पेयजल समस्या समाधान की मांग अनसुनी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जनस्वास्थय विभाग में पेयजल समस्या समाधान की मांग पर अनसुनी कर बतमीजी करने के आरोप में पार्षदों ने एसडीएम को शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग की। शिकायत में आरोप है कि जन प्रतिनिधि होने के नाते जब उन्होंने जनस्वास्थय विभाग के कार्यालय में जाकर समाधान की मांग की तो उनकी मांग को अनुसना कर दिया। शिकायत में बताया कि पिछले कई दिनों से कई वार्डों में पीने के पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। बसंत बिहार में पेयजल समस्या के समाधान की मांग पर उनकी कोई सुनवाई नहीं की जाती। अधिकारी कई बार तो फोन तक भी नहीं उठाते। जब फोन उठाते है तो उनका बात करने का तरीका बहुत ही बेकार होता है। जनता बहुत परेशान हो चुकी है। गर्मी में हालत ये है कि पीने के पानी के बिना लोग एक दिन में परेशान हो जाते है। उनके वार्डों में तीन- तीन दिन तक हो जाते है कि पानी जाता ही नही। शिकायत में आरोप है कि जनस्वास्थय विभाग के संबधित जे ई ने कभी मौके पर आकर समास्या का निवारण करने की नहीं सोची। विभाग के शिकायत फोन नम्बर पर काल करके शिकायत की जाती है तो उक्त शिकायत का भी जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपने आप ही जबाब दे कर उस समस्या शिकायत को अपने तौर पर बंद कर देते हैं। पार्षदों ने मांग की कि पेयजल की समस्या को लेकर सख्त कार्रवाई करते हुए उनकी समस्या का समाधान करवाया जाए। इस मौके पर पार्षद वार्ड पार्षद सचिन, शमशेर, वरूण जैन, खुशबू जैन, राजेश शर्मा, नरेश वर्मा, अंकित त्यागी के अलावा अन्य पार्षदगण मौजूद थे।



**गन्नौर।** शहर के वार्डों में पेयजल समस्या व जेई की मनमानी के विरोध में मांग पत्र देते पार्षदगण।